# QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR FINAL TERM (2017-18)
## SUBJECT- HINDI (2L)
## CLASS-IX

**Final Term Syllabus –**

साहित्य – धूल, दुख का अधिकार,एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा, अतिथि तुम कब जाओगे, कीचड़ का काव्य, रैदास के पद, रहीम के दोहे, आदमीनामा, एक फूल की चाह, गीत- अगीत, अग्नि पथ, नए इलाके में, खुशबू रचते हैं हाथ,वैज्ञानिक चेतना के वाहक चंद्रशेखर वेंकट रामन्, धर्म की आड़, शुक्रतारे के समान

संचयन – गिल्लू, स्मृति, कल्लू कुम्हार की उनाकोटी, मेरा छोटा निजी पुस्तकालय, हामिद खाँ, दिए जल उठे

व्याकरण – वर्ण विच्छेद , अनुस्वार , अनुनासिक , नुक्ता, स्वर संधि ,व्यंजन संधि , विसर्ग संधि, उपसर्ग- प्रत्यय, विराम चिह्न, अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

### धूल

लेखक- रामविलास शर्मा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) धूल पाठ में लेखक ने आधुनिक सभ्यता पर क्या व्यंग्य किया है ?

ख) गोधूलि किसकी संपत्ति है और कैसे ? स्पष्ट करें ।

ग) धूल , फूल और शिशु पर क्या प्रभाव उत्पन्न करती है ?

घ) अखाड़े की मिट्टी की क्या विशेषता होती है ?

ङ) धूल पाठ में ग्रामीण और नगरीय सभ्यता की तुलना लेखक ने किन शब्दों में की है ?

च) हीरा और काँच में क्या अंतर है ? धूल पाठ में किस संदर्भ में लेखक ने इनका प्रयोग किया है? लिखिए ।

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) ग्राम – भाषाएँ अपने सूक्ष्म बोध से धूल की जगह गर्द का प्रयोग कभी नहीं करतीं। धूल वह जिसे गोधूलि शब्द में अमर कर दिया गया है ।

ख) श्रद्धा , भक्ति, स्नेह इनकी चरम व्यंजना के लिए धूल से बढ़कर और कौन साधन है ?

ग) ये हीरे अमर हैं और एक दिन अपनी अमरता का प्रमाण भी देंगे ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) हीरा वही घन चोट न टूटे का अर्थ पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

ख) धूल पाठ के मूल भाव को अपने शब्दों में लिखिए ।

ग) धूल के नन्हें कणों के वर्णन के माध्यम से लेखक ने देशप्रेम का पाठ पढ़ाने की कोशिश की है । स्पष्ट कीजिए ।

घ) लेखक ने मनुष्य का सबसे बड़ा दुर्भाग्य किसे कहा और क्यों ?

---

### दुख का अधिकार

लेखक- यशपाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) पाठ दुख का अधिकार में लेखक ने समाज की किन विसंगतियों को उजागर किया है ?

ख) लेखक की बुढ़िया के प्रति सहानुभूति प्रकट करने में पोशाक क्यों अड़चन बन गई ।

ग) वायु की लहर और पोशाक में क्या समानता बताई गई है ?

घ) बुढ़िया के दुख तथा संभ्रांत महिला के दुख में क्या अंतर था ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था ?

ख) ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए ?

ग) शोक करने , ग़म मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और ---- दुखी होने का भी एक अधिकार होता है। ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) दुख का अदिकार कहानी में किन सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया गया है ।

ख) दुख का अधिकार कहानी समाज में व्याप्त असमानता को उजागर करती है। स्पष्ट करें।

ग) बुढ़िया के दुख तथा संभ्रांत महिला के दुख को दिखाकर लेखक क्या सिद्ध करना चाहते हैं ?

घ) व्यक्ति के सुख- दुख में समाज की क्या भूमिका होती है अथवा क्या भूमिका होनी चाहिए , दुख का अधिकार पाठ के आधार पर लिखिए।

---

## एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा

लेखिका- बचेंद्री पाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) बेस कैंप क्या होता है ? अग्रिम दल मुख्य दल से बहुत पहले क्यों चल रहा था ?

ख) एवरेस्ट शिखर पर जानेवाले पर्वतारोही को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था ?

ग) लेखिका अंगदोरजी के साथ चोटी पर जाने के लिए क्यों तैयार हुई ?

घ) एवरेस्ट शंकु की चोटी पर लेखिका ने बर्फ़ की खुदाई किससे की और क्यों ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) यह मुझे डराने के लिए काफी था फिर भी मैं एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी।

ख) यह इतनी ऊँचाई पर सुरक्षा कार्य का एक ज़बरदस्त साहसिक कार्य था। ?

ग) देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में वापस जाओगी, जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लेखिका की पर्वतीय यात्रा में लोपसांग और ल्हाटू ने किस प्रकार उनकी मदद की।

ख) जीवन में साहस और लगन की भूमिका , सफलता प्राप्त करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट करें।

ग) एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा पाठ की लेखिका बचेंद्री पाल की शिखर यात्रा में कितने पड़ाव थे ? वर्णन कीजिए।

---

## अतिथि तुम कब जाओगे

लेखक- शरद जोशी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सत्कार का आखिरी छोड़ किसे कहा गया है?

ख) पति पत्नी ने मेहमान का स्वागत किस प्रकार किया ?

ग) जब अतिथि चार दिनों तक नहीं गया तब लेखक के बर्ताब में क्या क्या परिवर्तन आए ?

घ) संबंधों का संक्रमण के दौर से गुजरना ----- कथन से आप क्या समझते हैं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे ।

ख) पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता । वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है

ग) यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) अतिथि देवो भव उक्ति का अर्थ स्पष्ट करें । पठित पाठ के आधार पर वर्तमान समय में इस उक्ति की सार्थकता सिद्ध करें ।

ख) लोग दूसरों के होम की स्वीटनेस को न काटने दौड़ें --- इस कथन से लेखक का क्या आशय है , अतिथि तुम कब जाओगे , पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

---

## कीचड़ का काव्य

लेखक – काका कालेलकर

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) कीचड़ का रंग किन किन लोगों को खुश करता है ?

ख) खंभात में मही नदी के मुख के आगे का कीचड़ क्यों विशेष है ?

ग) कीचड़ देखने के लिए खंभात जाने का परामर्श लेखक ने क्यों दिया है ?

घ) सनातन शब्द का क्या अर्थ है ? रचनाकार ने कीचड़ के लिए इस शब्द का प्रयोग क्यों किया है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कीचड़ हेय नहीं श्रद्धेय है ।

ख) हमारा अन्न कीचड़ में से ही पैदा होता है इसका जाग्रत भान यदि हर एक मनुष्य को होता तो वह कभी कीचड़ का तिरस्कार न करता ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) कीचड़ को जबकि कोई पसंद नहीं करता लेखक को उसमें कहाँ- कहाँ सौंदर्य दिखाई पड़ा ?

ख) काका कालेलकर ने कवियों की धारणा को युक्तिशून्य क्यों कहा है ?

---

## वैज्ञानिक चेतना के वाहक डॉ चंद्रशेखर रमन

लेखक – धीरंजन मालवे

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क)रामन के मन में समुद्र के विषय में क्या सवाल था ।

ख) वे कौन से प्रश्न थे जिनके समाधान ने रामन को विश्वविख्यात बना दिया ?

ग) कलकत्ता में सरकारी नौकरी के दौरान भी विज्ञान के प्रति अपनी स्वाभाविक रुचि को बनाए रखने के लिए उन्होंने क्या किया ?

घ)रामन ने ऐसा क्यों कहा कि विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं की छानबीन एक वैज्ञानिक दृष्टि से करें ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क)रामन् की भारतीय संस्कृति के प्रति गहन आस्था थी ।

ख)रामन् की खोज भौतिकी के क्षेत्र में एक क्रांति थी ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क)उनके लिए सरस्वती की साधना सरकारी सुख – सुविधाओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण थी । इस कथन के आलोक में रामन् की देश और संसार को देन के विषय में अपने मत लिखिए ।

ख)रामन त्याग और तपस्या की मिसाल और प्रतिमूर्ति थे --- पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

---

## धर्म की आड़

लेखक - गणेशशंकर विद्यार्थी

1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क)लेखक ने धर्म की आड़ में किए जाने वाले व्यापार को रोकने की जबरदस्त बात कही है । इस बात को ध्यान में रखते हुए लेखक की धर्म संबंधी अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।

ख) धर्म की आड़' पाठ में गणेश शंकर विद्यार्थी ने किन लोगों के द्वारा नेतृत्व और बड़प्पन कायम रखने के लिए

साधारण लोगों को गुमराह करके अपने सेवार्थ पूरा करने की बात कही है – स्पष्ट कीजिए ।

ग)आम तौर पर देखा गया है कि लोग धर्म के नाम पर मरने मारने तक पर उतारू हो जाते हैं, ऐसा क्यों ? स्पष्ट कीजिए ।

2)निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क)अजाँ देने, नाक दाबने , शंख बजाने और नमाज़ पढ़ने का नाम धर्म नहीं है ।

ख) उबल पड़ने वाले आदमी का इसमें केवल इतना ही दोष है कि वह कुछ समझता बूझता नहीं , आम आदमी उसे जिधर जोत देता है वह उधर जुत जाता है ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क)धर्म की आड़ पाठ आधुनिक काल में धर्म विषयक धारणाओं के नकारात्मक पक्ष को उजागर करता है

परंतु कहीं न कहीं लेखक , पाठकों को सही मार्ग भी दिखाना चाहते हैं । इस विषय पर आप अपने विचार लिखिए ।

ख) धर्म की आड़' पाठ में रमुआ पासी और बुद्धु मियाँ को लेखक ने किसके प्रतीक के रूप में व क्यों प्रस्तुत किया है --- स्पष्ट कीजिए ।

---

## शुक्रतारे के समान

लेखक -स्वामी आनंद

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) लेखक ने महादेव भाई की तुलना शुक्रतारे से क्यों की है ?

ख) उग्र और उदार देशभक्तों से क्या तात्पर्य है --- शुक्रतारे के समान पाठ के आधार पर लिखिए ।

ग) गांधी जी के जीवन में महादेव भाई का क्या स्थान रहा

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) महादेव के लिखेनोट के साथ थोड़ा मिलान कर लेना था न।

ख) कर्मठता , सेवा और त्याग की साकार प्रतिमा थे महादेव भाई ।

ग) देश और दुनिया को मुग्ध करके शुक्रतारे की तरह ही अचानक अस्त हो गए।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क)महादेव जी अपने खाली समय का उपयोग किस प्रकार करते थे तथा इसमें उनके व्यक्तित्व का कौन सा पहलू दिखाई देता है --- समझाकर लिखिए ।

---

## रैदास के पद

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) रैदास ने दूसरे पद में गरीब निवाजू किसे कहा है और क्यों ?

ख) कवि रैदास कैसी भक्ति करना चाहते हैं ?

ग) रैदास जी ईश्वर के साथ किन- किन रूपों में एकाकार हो गए हैं ?

घ) कवि ने ईश्वर की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

ङ) कवि ने चंदन और पानी की बात किस संबंध में की है और क्यों ?

च) रैदास ने अपने और प्रभु के संबंध को किस रूप में दर्शाया है?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।

ख) ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) रैदास ने अपने स्वामी को किन किन नामों से पुकारा है, उनकी भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

ख) रैदास ने अपने प्रभु की महिमा का बखान किन शब्दों में किया है, समझाकर लिखिए ।

## रहीम के दोहे

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सुई और तलवार के उदाहरण द्वारा कवि रहीम जी ने जीवन के किस महत्वपूर्ण तथ्य की ओर इशारा किया है ?

ख) मृग मोहित होकर क्या करता है ? रहीम ने किन लोगों को पशु से भी हीन कहा है?

ग) विपत्ति के समय कौन सहायक होता है ? इसे स्पष्ट करने के लिए कवि ने किसका उदाहरण दिया है ?

घ) रहीम के दोहे में पठित अवध नरेश कौन थे ? उन्हें चित्रकूट क्यों जाना पड़ा ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) दीरघ दोहा अरथ के आखर थोरे आहिं ।
ज्यों रहीम नट कुंडली, सिमिटि कूदि चढ़ि जाहिं ।

ख) रहिमन निज मन की बिथा , मन ही राखो गोय ।
सुनि अठिलैहें लोग सब, बाँटि न लैहें कोय ।।

ग) बिगरी बात बनै नहीं , लाख करो किन कोय ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) रहीम के दोहों का मूल स्वर या भाव क्या है ? समझाकर लिखें ।

ख) दोहे किस प्रकार मानव को मानवता का पाठ पढ़ा सकते हैं । तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

ग) आप कैसे कह सकते हैं कि रहीम के दोहों की प्रसंगिकता आज भी है ?

---

## आदमीनामा

कवि – नज़ीर अकबराबादी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) आदमीनामा कविता के माध्यम से कवि ने आदमी के स्वभाव की किस विशेषता पर व्यंग्य किया है ?

ख) आदमीनामा कविता में कवि ने आदमी के कौन कौन से सकारात्मक रूप बताए हैं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) पढ़ते हैं आदमी ही कुरआन और नमाज़ याँ
और आदमी ही उनकी चुराते हैं जूतियाँ ।

ख) अशराफ़ और कमीने से ले शाह ता वज़ीर
ये आदमी ही करते हैं सब कारे दिलपज़ीर ।।

ग) अच्छा भी आदमी ही कहाता है ए नज़ीर ।
और सबमें जो बुरा है सो है वो भी आदमी ।।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) आदमीनामा कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

ख) कवि मनुष्य के भिन्न – भिन्न रूप दिखाकर क्या कहना चाहता है ?

---

## एक फूल की चाह

कवि – सियारामशरण गुप्त

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सुखिया कौन थी ? उसे क्या हुआ था और उसने अपने पिता से किस चीज़ की मांग की थी ?

ख) सुखिया के पिता ने देवी माँ के भक्तों से क्या प्रश्न किया ?

ग) सुखिया के बाहर खेलने जाने पर पिता का हृदय क्यों काँप उठता था ?

घ) कविता में समाज में व्याप्त किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) माँ के भक्त हुए तुम कैसे, करके यह विचार खोटा ।
माँ के सम्मुख ही माँ का तुम , गौरव करते हो छोटा ।।

ख) ऐं , क्या मेरा कलुष बड़ा है , देवी की गरिमा से भी ।
किसी बात में हूँ मैं आगे माता की महिमा के भई ?

ग) जान सका न प्रभात सजग से , हुई अलस कब दोपहरी
स्वर्ण घनों में कब रवि डूबा, कब आई संध्या गहरी।।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) एक फूल की चाह कविता के आधार पर सुखिया के पिता की विवशता का वर्णन कीजिए ।

ख) सुखिया का पिता मंदिर में किस सामाजिक बुराई का शिकार हुआ , और कैसे ?

---

## गिल्लू
### महादेवी वर्मा

1) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) प्रथम बसंत के आगमन पर गिल्लू के आचार व्यवहार में क्या परिवर्तन आया ?

ख) गिल्लू पाठ में पूर्वजों के संबंध में क्या कहा गया है ?

ग) गिल्लू पाठ के आधार पर लेखिका के पशु प्रेम को स्पष्ट कीजिए । इससे हमें क्या सीख मिलती है ?

घ) गिल्लू के प्रति लेखिका की सोच एवं व्यवहार मनुष्य मात्र के सामने क्या दृष्टांत प्रस्तुत करते हैं ? पठित पाठ के आधार पर लिखिए ।

ङ) गिल्लू पाठ के आधार पर गिल्लू का चरित्र – चित्रण कीजिए ।

---

## स्मृति
### श्रीराम शर्मा

1) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लेखक अपने बचपन में किस वस्तु से मोह करता था और क्यों ?

ख) स्मृति पाठ में चक्षुश्रवा किसे कहा गया है ? लेखक ने एक बार स्वयं के लिए भी इस शब्द का प्रयोग किया है , क्यों ?

ग) जब जीवन होता है , तब हज़ारों ढंग बचने के निकल आते हैं --- स्मृति पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

घ) लेखक द्वारा कुएँ से चिट्ठियाँ निकाले जाने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में करें ।

ङ) दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं – स्मृति पाठ के आधार पर कथन की सत्यता प्रमाणित कीजिए ।

## कल्लू कुम्हार की उनाकोटी
### के. विक्रम सिंह

1) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) उनाकोटी किसलिए प्रसिद्ध है ? लेखक को उनाकोटी का स्मरण कैसे हो आया ?

ख) कैलाश शहर के जिलाधिकारी ने लेखक को आलू की खेती के बारे में क्या जानकारी दी ?

ग) किन कारणों से त्रिपुरा बहुधार्मिक समाज का उदाहरण बना ? इसका असर वहाँ के जन जीवन पर कैसा पड़ा ?

---

## गीत- अगीत

### रामधारी सिंह दिनकर

1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क)गीत अगीत कविता में कवि की उलझन क्या है -? उसने अपनी उलझन किन उदाहरणों के माध्यम से अभिव्यक्त की है ?

ख) इस कविता में किन किन को गीत गाने वाला कहा गया है और क्यों -?

ग) गीत अगीत कविता के आधार पर लिखिए कि वेगवती बहती जाती है --- कथन से क्या तात्पर्य है ?

घ) शुकी के गीत उमड़कर क्यों रह जाते हैं ?

ङ) अगीत की स्थिति किन किन पात्रों में घटित होती है और क्यों -?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।

ख) गूँज रहा शुक का स्वर वन में ,
फूला मग्न शुकी का पर है।
गीत- अगीत कौन सुंदर है ?

ग) पहला स्वर उसकी राधा को
घर से यहाँ खींच लाता है।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) गीत- अगीत कविता के द्वारा कवि वस्तुतः समाज को क्या संदेश या भाव देना चाहते हैं ?

--------------0---------------

## अग्नि पथ

### हरिवंशराय बच्चन

1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) कवि ने जीवन पथ पर चलते हुए आराम करने से मना किया है ऐसा क्यों , ? स्पष्ट कीजिए। अथवा, मनुष्य को किसी भी सहारे की चाह क्यों नहीं रखनी चाहिए ?

ख) कवि ने जीवन पथ को अग्नि पथ क्यों कहा है ?

ग) अग्निपथ कविता के आधार पर लिखिए कि क्या घने वृक्ष भी हमारे पथ की बाधा बन सकते हैं ?

घ) महान दृश्य से अग्निपथ कविता के कवि का क्या तात्पर्य है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) तू न थकेगा कभी !
तू न थमेगा कभी !
तू न मुड़ेगा कभी! --- कर शपथ कर शपथ, कर शपथ !

ख) यह महान दृश्य है –
चल रहा मनुष्य है
अश्रु – स्वेद रक्त से लथपथ, लथपथ, लथपथ !

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) कवि ने अग्निपथ शब्द का प्रयोग कविता में बारबार क्यों किया है - ? कविता का उद्देश्य स्पष्ट करें।

-------------------0--------------------

## नए इलाके में , खुशबू रचते हैं हाथ

अरुण कमल

1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) एक ही दिन में दुनिया पुरानी किस प्रकार हो जाती है?

ख) नए इलाके में कविता में कवि ने शहरों की किस विडंबना की ओर संकेत किया है ?

ग) पीपल के पत्ते जैसे नए नए हाथ से कवि का क्या तात्पर्य है -?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) धोखा दे जाते हैं पुराने निशान

ख) एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे वसंत को गया पतझड़ को लौटा हूँ ।

ग) दुनिया की सारी गंदगी के बीच
दुनिया की सारी खुशबू रचते रहते हैं हाथ ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कवि ने खुशबू के पीछे छिपे बदबूदार सच को उजागर किया है - स्पष्ट कीजिए ।

---------------------0--------------------

## मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय

धर्मवीर भारती

1) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लेखक की माँ सिनेमा देखने के खिलाफ़ क्यों थी ? पहली बार उन्होंने लेखक को इसकी अनुमति कब और क्यों दी ? अथवा,

माँ अपनी संतान को दुखी नहीं देख सकती मां का दिल तो आखिर माँ का दिल होता है । इस बात की पुष्टि के ,

लिए मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय पाठ से उदाहरण दीजिए।

ख) लेखक को बचपन में उनके पिता ने स्कूल क्यों नहीं भेजा ? इसका परिणाम क्या हुआ ?

ग) लेखक को अपनी लाइब्रेरी स्थापित करने की प्रेरणा किस प्रकार मिली ? स्पष्ट कीजिए। अपनी एकत्र की गई पुस्तकों में लेखक को कौन सी पुस्तक सर्वप्रिय थी और क्यों ?

घ) विंदा करंदीकर का कथन ---'भारती , ये सैकड़ों महापुरुष जो पुस्तक रूप में तुम्हारे चारों ओर विराजमान हैं , इन्हीं के आशीर्वाद से तुम बचे हो।' लेखक को सच क्यों लगा ?

-------------------0-------------------

## हामिद खाँ

एस. के. पोट्टेकाट

1)निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) किसी पर धौंस जमाकर या मजबूर करके प्यार मोल नहीं ले सकते इस कथन से आप कहा ---ँ तक सहमत हैं ? हामिद खाँ पाठ के आधार पर चर्चा कीजिए।

ख) मुस्कुराहट हमारी रक्षक तथा सहायक कैसे बनती है हामिद खाँ कहानी के आधार पर उपर्युक्त कथन की - सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

ग) लेखक को हामिद खाँ की याद कब आई ? हामिद खाँ लेखक की किन बातों से आश्चर्यचकित हो गया था ?

-------------------0-------------------

## दिए जल उठे

1) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) सरदार पटेल की गिफ्तारी पर देशवासी क्षुब्ध क्यों हो उठे ? उनके उद्देश्य में इस गिरफ्तारी से क्या प्रभाव पड़ा ?

ख) गांधी जी ने किस राज को राक्षसी राज कहा और क्यों ? स्पष्ट करें।

ग) गांधी जी ने धर्मयात्रा शब्द से क्या समझाना चाहा है ? यह धर्मयात्रा कब सफल होती है ?

-------------------0-------------------

व्याकरण ----

रचनात्मक लेखन---

*अनुच्छेद लेखन ( शब्द सीमा -- 100) –*

1. दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम
   संकेत बिंदु ---- उक्ति का अर्थ, एक लक्ष्य से सफलता संभव, दो लक्ष्यों से दुविधा, दुविधा से शक्तियों का बँटवारा, भ्रम, अपना मत
2. जीवन में पर्वों का महत्व
   संकेत बिंदु--- भारत के पर्व एवं त्योहार, राष्ट्रीय पर्वों के विविध रूप,एका के प्रतीक

3. लड़कियों की शिक्षा
संकेत बिंदु--- समाज में लड़कियों का स्थान, शिक्षा की अनिवार्यता और बाधाएँ , सबका सहयोग

4. बच्चों की शिक्षा में माता- पिता की भूमिका
संकेत बिंदु --- शिक्षा का महत्व, माता- पिता का उत्तरदायित्व, माता- पिता का कर्तव्य निर्वाह

5. मेरा मनपसंद रियल्टी शो
संकेत बिंदु--- रियल्टी शोज का अर्थ, विविध प्रकार के शोज के नाम, मनपसंद शो का नाम

6. मीडिया का सामाजिक उत्तरदायित्व
संकेत बिंदु---जागरूकता, निजी जीवन में दखल देना / न देना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना

7. स्वच्छता अभियान
संकेत बिंदु--- क्या, क्यों और कैसे, सुझाव

8. आत्मनिर्भरता
संकेत बिंदु --- आत्मनिर्भरता का अर्थ, आत्मनिर्भरता का महत्व, आत्मनिर्भरता के लाभ

9. आदर्श नागरिक का योगदान
संकेत बिंदु--- आदर्श नागरिक का अर्थ, आदर्श नागरिक के कर्तव्य, आदर्श नागरिक की राष्ट्र एवं समाज में भूमिका

10. महानगरों का तनाव भरा जीवन
संकेत बिंदु--- महानगरों की जीवन- शैली,मानवीय संबंधों का ह्रास, तनाव एवं उससे बचने के उपाय

*<u>अनौपचारिक पत्र लेखन ( शब्द सीमा -- 80)–</u>*

क) दक्षिण भारत में रहनेवाले अपने मित्र को प0 बंगाल की दुर्गा पूजा देखने आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

ख) किसी पुस्तक मेले का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

ग) आपकी स्वरचित कविता मासिक पत्रिका नंदन में प्रकाशित हुई है , इसकी सूचना देते हुए अपने दादाजी को एक पत्र लिखिए।

घ) इंटरनेट की उपयोगिता बताते हुए लैपटॉप खरीद देने का आग्रह करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

ङ) विदेश स्थित अपने मित्र को भारत के गौरवशाली इतिहास/ ऐतिबासिक दर्शनीय स्थल के बारे में बताते हुए उसे भारत आने के लिए एक आमंत्रण पत्र लिखिए ।

*<u>संवाद लेखन ( शब्द सीमा -- 50)—</u>*

क) अपने पसंदीदा टी0 वी0 कार्यक्रम के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

ख) पढ़ाई में बच्चों की लापरवाही से परेशान दो शिक्षकों की बातचीत।

ग) अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो छात्राओं में बातचीत।

घ) जीवन में परिश्रम का महत्व पर एक शिक्षक और छात्र के बीच बातचीत।

ङ) अपने पसंदीदा टी. वी. कार्यक्रम को लेकर दो मित्रों की बातचीत।

च) गृहकार्य की उपयोगिता समझाते हुए एक पिता का अपने पुत्र के साथ संवाद।

छ) स्कूली वाहनों द्वारा हो रही असावधानियों पर माँ- बेटे के बीच का संवाद।

*<u>विज्ञापन लेखन (शब्द सीमा - 25)</u>*

क) आपके क्षेत्र में सभी प्रकार के नृत्यों को सिखाने के लिए एक नृत्य केंद्र खुल रहा है। ।

ख) स्वच्छता अभियान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन।

ग) अपने पिताजी की पुरानी कार की बिक्री हेतु।

घ) घर में बच्चे की देखभाल के लिए एक आया की नियुक्ति का विज्ञापन।

ङ) अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरण करने के लिए एक विज्ञापन।

*<u>चित्र वर्णन (शब्द सीमा – 25-30 शब्द)</u>*









---------------------0---------------------